भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2999
जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 दिसम्बर, 2024 को दिया जाना है

नोटरी की नियुक्ति

2999. कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2024 में गोवा से नोटरी के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची क्या है ;

(ख) क्या चयनित अभ्यर्थियों को 'प्रैक्टिस प्रमाणपत्र' जारी किया जाता है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) नोटरी के पद के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ होने की तिथि क्या है ;

(घ) क्या अभ्यर्थियों को उनके चयन के बारे में सूचित किया जाता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार के पास नोटरी लाइसेंस के नवीकरण हेतु आवेदन लंबित हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) : केंद्रीय सरकार ने तारीख 15 मार्च, 2024 के नोटिस के द्वारा गोवा राज्य में 296 विधि व्यवसायियों को नोटरी के रूप में अनंतिम रूप से नियुक्त करने का विनिश्चय किया है।
(ख) : तारीख 9.12.2024 तक, वर्ष 2024 में नोटरी के रूप में नियुक्ति के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा चयनित विभिन्न राज्यों के अभ्यर्थियों को नोटरी पोर्टल के माध्यम से 4453 व्यवसायी डिजिटल हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र जारी किए हैं। गोवा राज्य में नोटरी के रूप में नियुक्ति के लिए चुने गए अभ्यर्थियों के संबंध में, उनके विवरणों के सत्यापन की रिपोर्ट अभी तक महाराष्ट्र और गोवा विधिज्ञ परिषद् से प्राप्त नहीं हुई है।
(ग) : जिन अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन तारीख 25.08.2018 और तारीख 31.03.2023 के बीच प्राप्त हुए थे, उन्हें नोटरी के रूप में चयन और नियुक्ति के लिए साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था।
(घ) : गोवा में नोटरी के रूप में अनंतिम नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों के चयन के संबंध में विधि कार्य विभाग की वेबसाइट पर तारीख 15 मार्च 2024 को एक सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित किया गया था।
(ड.) : नोटरी के रूप में व्यवसाय प्रमाण पत्र का नवीकरण एक सतत प्रक्रिया है और विधि कार्य विभाग में नवीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों पर नियमित रूप से ध्यान दिया जाता है और उनका निपटारा किया जाता है।

****